<u>MoU for cooperation in Research and Education</u>

The ICAR- NRCE, Hisar inked the Memorandum of Understanding with the Maharshi Dayanand University, Rohtak for the cooperation in the areas of Research and Education. Dr. T.K. Bhattacharya, Director NRCE, Hisar and Prof. (Dr.) Rajbir Singh, Vice Chancellor Maharshi Dayanand University, Rohtak signed the Memorandum. The occasion was graced by Dr. Balvinder Kumar and Dr. Sanjay Kumar, Pr. Scientists from NRCE and Deans & Directors of various faculties of MDU.

With the MoU, the NRCE and University have agreed for collaborative programmes in the fields of research, education, training and capacity building, extension consultancy and other areas of national interest. Both the partners have also agreed for mutually recognizing the faculty of both the Institutes for the research and teaching purposes, wherein, the students and faculties can carry out the specific, research and outreach activities at the laboratories of these institutions.

अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन

भा.कृ.अनु.परि.– राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, हिसार ने अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। डॉ. टी.के. भट्टाचार्य, निदेशक एनआरसीई, हिसार और प्रोफेसर (डॉ.) राजबीर सिंह, कुलपति महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार, डॉ बलविन्द्र कुमार व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न विभागों के निदेशक व अधिष्ठाता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, हिसार और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, विस्तार परामर्श और राष्ट्रीय हित के अन्य क्षेत्रों में सहयोगात्मक कार्यक्रमों के लिए सहमत हुए हैं। दोनों साझेदार अनुसंधान और शिक्षण उद्देश्यों के लिए दोनों संस्थानों के संकाय को पारस्परिक रूप से मान्यता देने पर भी सहमत हुए हैं, जिसमें छात्र और संकाय इन संस्थानों की प्रयोगशालाओं में विशिष्ट, अनुसंधान गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।